पटना में दिनांक–27 सितम्बर, 2022 मंगलवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक की कार्यवाही। मुख्यमंत्री ने बैठक की अध्यक्षता की।

निम्नलिखित निर्णय लिये गये :–

| | | |
|---|---|---|
| | **अल्पसंख्यक कल्याण विभाग** | |
| 1. | अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के नियंत्रणाधीन बिहार वक्फ न्यायाधिकरण, पटना हेतु एक चालक के पद सृजन के स्वीकृति के संबंध में। | 1. स्वीकृत |
| | **कला, संस्कृति एवं युवा विभाग** | |
| 2. | कला, संस्कृति एवं युवा विभाग (संग्रहालय निदेशालय), बिहार के अन्तर्गत वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय–सह–स्मृति स्तूप की स्थापना तथा उनके सुचारू रूप से संचालन हेतु विभिन्न कोटि के कुल 27 (सताईस) पदों के सृजन की स्वीकृति के सम्बन्ध में। | 2. स्वीकृत |
| | **गृह विभाग (कारा)** | |
| 3. | मंडल कारा अरवल एवं उपकारा पालीगंज के विभिन्न कोटि के क्रमशः 102 पद एवं 98 पद अर्थात कुल 200 पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में। | 3. स्वीकृत |
| | **पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग** | |
| 4. | राज्य के जलाशयों में समग्र मात्स्यिकी विकास हेतु "बिहार राज्य जलाशय मात्स्यिकी नीति 2022" की स्वीकृति के संबंध में । | 4. स्वीकृत |
| | **सूचना प्रावैधिकी विभाग** | |
| 5. | वित्तीय वर्ष 2022–23 में योजनामद के अन्तर्गत बिहार राज्य आकस्मिकता निधि से राशि ₹43,93,85,000.00 (तैंतालीस करोड़ तिरानवे लाख पचासी हजार) मात्र अग्रिम की स्वीकृति के संबंध में। | 5. स्वीकृत। |
| | **ग्रामीण विकास विभाग** | |
| 6. | वित्तीय वर्ष 2022–23 में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग की मांग संख्या–42 के अंतर्गत राज्यांश गद में 34000.00 लाख (तीन सौ चालीस करोड़) रूपये की राशि की बिहार राज्य आकस्मिकता निधि से अग्रिम की स्वीकृति के संबंध में। | 6. स्वीकृत। |

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| **श्रम संसाधन विभाग** | |
| 7. बिहार औद्योगिक प्रशिक्षण अनुदेशक संवर्ग नियमावली–2018 में संशोधन के फलस्वरूप बिहार औद्योगिक प्रशिक्षण अनुदेशक संवर्ग (संशोधन) नियमावली–2022 के गठन के संबंध में। | 7. स्वीकृत। |
| **संसदीय कार्य विभाग** | |
| 8. बिहार विधान मंडल (सदस्यों का वेतन, भत्ता और पेंशन) नियमावली, 2006 के नियम–15 में संशोधन करने के संबंध में। | 8. 24000 यूनिट के स्थान पर 30000 यूनिट प्रतिस्थापन के साथ स्वीकृत। |
| **संसदीय कार्य विभाग** | |
| 9. बिहार विधान परिषद् में कार्यकारी सचिव के पद पर अनुभवी पदाधिकारी श्री विनोद कुमार, निदेशक–सह–कार्यकारी सचिव की सेवानिवृत्ति के उपरांत संविदा के आधार पर दिनांक 01.10.2022 से एक वर्ष के लिये नियोजन की स्वीकृति के संबंध में। | 9. स्वीकृत। |
| **वित्त विभाग** | |
| 10. बिहार न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों का दिनांक–01.01.2016 से वेतन पुनरीक्षण के संबंध में। | 10. स्वीकृत। |
| **स्वास्थ्य विभाग** | |
| 11. राज्य के सरकारी पारा मेडिकल/पारा डेन्टल, नर्सिंग तथा फार्मेसी शिक्षण संस्थानों (राज्य सरकार के सात निश्चय सहित) के विभिन्न पाठ्यक्रमों, यथा–पारा मेडिकल/पारा डेन्टल पाठ्यक्रमों (डिप्लोमा, बैचलर डिग्री एवं मास्टर डिग्री), नर्सिंग पाठ्यक्रमों (बी0एस0सी0 नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग एवं एम0एस0सी0 नर्सिंग) तथा फार्मेसी पाठ्यक्रमों (डी0 फार्म, बी0 फार्म0, एम0 फार्म एवं फार्म डी0) में इन्टर्नशिप/अनिवार्य व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र/छात्राओं को रू0 1500/–(रूपये पन्द्रह सौ) मात्र प्रतिमाह का छात्रवृत्ति/इन्टर्नशिप भुगतान की स्वीकृति। | 11. स्वीकृत। |
| **विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग** | |
| 12. राज्य के पोलिटेकनिक संस्थानों में संचालित डिप्लोमा स्तरीय अभियंत्रण प्रोग्राम के पाठ्यक्रम को परिणाम आधारित बनाने एवं प्रौद्योगिकी मे अद्यतन प्रगति के अनुरूप विकसित करने हेतु परामर्श एवं प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल को नामित करने, उक्त कार्य हेतु कुल रू० 70,00,000=00 (सत्तर लाख रूपये) मात्र की स्वीकृति तथा वित्तीय वर्ष 2022–23 में उक्त राशि बिहार राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, पटना को विमुक्त करने के संबंध मे। | 12. स्वीकृत। |

Scanned with CamScanner

## नगर विकास एवं आवास विभाग

13. राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना से प्राप्त अनुरोध के आलोक में बिहार वित्त नियमावली के नियम 131 झ(ड़) एवं 131 (ठ) के प्रावधानों के अन्तर्गत नगरपालिका आम निर्वाचन, 2022 के अवसर पर ई0वी0एम0 पावर पैक का क्रय भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड, बेंगलुरू (BEL) से एवं पिंक पेपर सील (बी0यू0) पिंक पेपर सील (सी0यू0) एवं ग्रीन पेपर सील का क्रय एवं मुद्रण सरस्वती प्रेस लिमिटेड, कोलकाता से नामांकन के आधार पर किये जाने की स्वीकृति के संबंध में।

13. **स्वीकृत।**

## नगर विकास एवं आवास विभाग

14. नगरपालिका आम निर्वाचन, 2022 के अवसर पर मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया का Live Webcasting कराये जाने एवं ई0वी0एम0 के डिसप्ले से प्राप्त हो रहे आँकड़ों का ओ0सी0आर0 पद्धति द्वारा मतगणना परिणाम प्राप्त करने हेतु राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार की अनुशंसा के आलोक में नामांकन के आधार पर ITI Limited को एजेन्सी के रूप में कार्य कराने की स्वीकृति के संबंध में।

14. **स्वीकृत।**

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

15. बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु राज्य योजना मद से 3632685000/–(तीन सौ तिरेसठ करोड़ छब्बीस लाख पचासी हजार रूपये) मात्र व्यय एवं संविदा आधारित 7595 पदों (विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी–259, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो–518, विशेष सर्वेक्षण अमीन–6300 एवं विशेष सर्वेक्षण लपिक–518) के सृजन की स्वीकृति।

15. **स्वीकृत।**

## निर्वाचन विभाग

16. बिहार वित्त (संशोधन) नियमावली के नियम 131झ(ङ) के तहत नामांकन के आधार पर प्राधिकृत एजेंसी मेसर्स सरस्वती प्रेस लिमिटेड, कोलकाता को नयी विशिष्टियों युक्त PVC-EPIC (होलोग्राम सहित) के स्थान पर अन्य विशिष्टियों युक्त PVC-EPIC (होलोग्राम रहित) के मुद्रण के लिए ₹9.00 (नौ रूपये) मात्र प्रति अदद् भुगतान करने की घटनोत्तर स्वीकृति के संबंध में।

16. **स्वीकृत।**

Scanned with CamScanner